हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 27 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा - सरकार, 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को प्रतिबद्ध।

2. केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा - फिट इंडिया मूवमेंट और संडे ऑन साइकिल जैसी पहलों ने लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक किया।

3. चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में, खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम के दौरान आज युवाओं ने प्रधानमंत्री के संदेश को प्रेरणादायक बताया।

4. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कांग्रेस सदन में तथ्यों को सुनने के लिए तैयार नहीं।

5. हरियाणा के पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा ने डी-समूह के 380 पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार, 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि खेल विश्वविद्यालयों से लेकर आधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों तक, देशभर में ऐसा खेल ढांचा विकसित किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों की प्रतिभा को हर स्तर पर सहयोग मिले।

*हमारी सरकार भारत में 21वी सदी का आधुनिक भारत इकोसिस्टम बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज पॉश यूनिवर्सिटी से लेकर आधुनिक ट्रेनिंग सेंटर तक देश में एक ऐसी व्यतवस्थाॉ बनाई जा रही है जिसमें प्रतिभा को पहचानने से लेकर उसे दुनिया के मंच तक पहुंचाने तक हर स्ताॅर पर सहयोग मिले।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि खेलों से जीवन बदलता है और देश का गौरव बढ़ता है।

*जब मैं स्पोीट्स की बात करता हूं, तो ये केवल मैडल जीतने तक सीमित नही है। ये विकसित भारत के निर्माण में भारत की खेल शक्ति और भारत की युवा शक्ति को एक साथ जोडने का अभियान है। मैं हमेशा कहता आया हूं जो खेलें वो खिलें और खेलें में खेलना सिर्फ मैदान पर जीतना नही है खेल में खेलना का मतलब व्येक्ति का खिलना और देश का गौरव बढाना है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हों ने लाल किले की प्राचीर से 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों में खेल प्रतिभा खोजने के लिए बड़े प्रतिभा खोज अभियान की घोषणा की थी।

*लाल किले से मैंने 5 साल की उम्र से 15 साल की उम्र के खिलाडियों की पहचान करने के लिए एक बडे टैंलेंट हंट अभियान का ऐलान किया है और इसमें भी हमें केवल यह नही देखना है कि किस बच्चें की किस खेल में रूचि है बल्कि यह भी देखना है कि कौन सा बच्चा किस खेल के लिए फिट है हमें उस हिसाब से ही उन बच्चों को ट्रेनिंग देनी होगी।*

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के तहत मेरा युवा भारत-माय भारत ने आयोजित किया था। हरियाणा , पंजाब और चंडीगढ़ सहित देशभर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के हर जिले के दो-दो कॉलेजों के युवाओं ने इस में भाग लिया।

---

राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत-माय भारत ने आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट और संडे ऑन साइकिल जैसी पहलों ने लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया है।

***भारत का स्पोर्ट्स इकोसिस्टगम केवल इंफ्रास्ट्रिक्चनर और मैंडल तक सीमित नही है। फिट इंडिया से करोडो युवाओं को जोडने से लेकर संडे ऑन साइकिल जैसे पहलों तक अपने फिटनेस को लाइफस्टा इल और स्पोलट्स को नेशनल मूवमेंट बना दिया है। प्रधानमंत्री जी सिर्फ इतना ही नही नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्टो के माध्यमम से ट्रांसपेरेंसी, अकाउंटीबिलीटी और फिर अपॉचुनिटी को मजबूत करने प्रयास यह सुनिश्चित करता है कि प्रतिभा को अपना टेंलेंट साबित करने का सामान मंच मिले।***

केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि केंद्र सरकार ने देश में मजबूत खेल व्यवस्था और बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए 36 हजार करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

---

हिसार की चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।माय भारत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बी आर कम्बोज व बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वर्चुअल माध्यम से सुना।

खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम में माय भारत वॉलंटियर अनु शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायक बातों को सुनकर युवा प्रोत्साहित होते हैं और उनकी बातों का अनुसरण करते हैं।

कार्यक्रम में पहुंची अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी निश्चल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री को सुनकर उनका हौसला बढ़ता है।

कृषि विश्वविद्यालय के छात्र ऋतिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें प्रेरणा दी है और हमारा मार्गदर्शन किया ताकि हम खेलों में आगे बढ़ें।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस का एजेंडा पहले से तय है और वह सदन में तथ्यों को सुनने के लिए तैयार नहीं है।

कांग्रेस द्वारा सदन में आने से रोकने और अपमानित किए जाने के आरोपों को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नेता प्रतिपक्ष और विपक्ष के किसी भी सदस्य को सदन में आने से नहीं रोका गया और न ही किसी का अपमान किया गया। सभी सदस्यों को सम्मान पूर्वक सदन में आने दिया गया।मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा के मॉनसून सत्र के पहले दिन नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और डॉ रघुबीर कादियान द्वारा उन्हें सदन में आने से रोके जाने और धक्के दिए जाने के लगाए गए आरोपों का जवाब दे रहे थे।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उन्होंने पूरे मामले की जानकारी ली है और विपक्ष द्वारा सदन में यह कहना कि उन्हें चोट पहुंचाई गई या उनके साथ धक्का—मुक्की की गई, यह पूरी तरह झूठ है। उन्होंने अध्यक्ष को सुझाव दिया कि वे सत्ता और विपक्ष दोनों के सदस्यों को अपने चैंबर में बुलाएं और मामले से संबंधित वीडियो फुटेज मंगवाकर उसकी जांच कर लें। वीडियो में जो भी तथ्य होंगे, उनसे पूरी स्थिति और सच्चाई स्पष्ट हो जाएगी।

---

हरियाणा विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन चार विधेयक पुन:स्र्थापित किए गए। पुन:स्र्थापित किए गए विधेयकों में हरियाणा न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2026, हरियाणा नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2026, हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2026 और हरियाणा बाबा श्री खाटू श्याम चुलकाना धाम पूजास्थल विधेयक, 2026 शामिल हैं।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने आज चंडीगढ़ में पर्यटन विभाग में डी-समूह के 380 पदों के लिए नव चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इन पदों में सेवादार, रसोई सहायक और माली के पद शामिल हैं। उन्होंने नवनियुक्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन और जन्माष्टमी के पावन त्योहारों की भी शुभकामनाएं दीं।

पलवल के पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने आज थाना मुंडकटी का निरीक्षण किया। इस दौरान थाने में शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 7 शिकायतें आई। अधिकतर शिकायत मारपीट मामलों में गिरफ्तारी, पारिवारिक एवं जमीनी विवाद से जुड़ी थी जिनका जल्द से जल्द नियम अनुसार निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

---------------------------------------------------------------------------------------------------